

# सोमवार को भी बुकिंग और डिलेवरी का काम

## कलेक्टर ने गैस एजेंसियों को दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 मार्च।** जिले की गैस एजेंसियों को सोमवार 16 मार्च को भी बुकिंग एवं डिलेवरी का कार्य करना होगा। सभी गैस एजेंसियों को सोमवार के दिन अपने-अपने ऑफिस एवं गोदाम खोलकर बुकिंग व डिलेवरी का कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया है। वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल (एलपीजी) को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

ज्ञात हो हर सोमवार को गैस एजेंसियों द्वारा अवकाश रखा जाता है और गैस बुकिंग व डिलेवरी का कार्य नहीं किया जाता है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री अरविंद सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखकर जिले के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गैस कंपनियों के लिये इस आशय के निर्देश जारी किए गए हैं।



### कई गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के उपभोक्ताओं को रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर विभिन्न अधिकारियों द्वारा रविवार को जिले की गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह सामान्य रूप से गैस आपूर्ति की कार्रवाई संपादित होते हुए मिली।

### घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है। अत:उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें । देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे। 1357 सिलेंडर जप्त। एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।

**सिलेण्डर बुकिंग संबंधित शिकायत / सुझाव हेतु इन टोल फ्री नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है** -भारत गैस हेल्पलाइन नंबर - 1800-22-4344 (टोल फ्री), इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबर- 1800-2333-555 (टोल फ्री), एचपी गैस कस्टमर केयर नंबर- 1800-2333-555 (टोल फ्री)



# यातायात को अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले वालों को हटाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 15 मार्च।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा नज़रबाग़ मार्केट, सुभाष मार्केट, टाउन हॉल, टोपी बाजार, माधवगंज चौराहा, गोरखी स्काउट एवं छापाखाना पर यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही उक्त मार्गो पर दुकानों के बाहर रखे सामान को अंदर कराया जाकर स्टैंड बोर्ड टेबल काउंटर आदि सामान जप्त किया जाकर सख्त हिदायत दी गई कि मुख्य मार्गो पर ठेला फड़ आदि लगा कर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा सामान जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव, लव झा एवं दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।

# रानी लक्ष्मीबाई अध्ययन मंडल ने की 'अरुणोदय' पुस्तक की समीक्षा

## युवाओं को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 मार्च।** प्रज्ञा प्रवाह के अंतर्गत 'रानी लक्ष्मीबाई अध्ययन मंडल' द्वारा एक विशेष बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखर लेखक रामदत्त चक्रधर की प्रसिद्ध पुस्तक 'अरुणोदय' पर विस्तृत चर्चा और समीक्षा की गई। मुख्य समीक्षक अंकित पाल ने पुस्तक के सार को प्रस्तुत करते हुए बताया कि 'अरुणोदय' भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सांस्कृतिक चेतना के उदय का प्रतीक है। समीक्षा के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि यह पुस्तक युवाओं को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने की क्षमता रखती है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने माना कि ऐसे आयोजनों से समाज में अध्ययन की प्रवृत्ति बढ़ती है और समकालीन विषयों पर सार्थक विमर्श का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में एड. आलेख शर्मा, डॉ. वैभव शुक्ला, एड. मनाली पिप्पल, देवांश राजपूत और केशव अग्रवाल सहित अध्ययन मंडल के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



### शादी केवल रस्म नहीं, दो परिवारों की बड़ी जिम्मेदारी : भदौरिया

ग्वालियर। जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 'फैमिली प्लानिंग' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया ने विवाह और सामाजिक रिश्तों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं और परिवारों को शादी जैसे महत्वपूर्ण निर्णय को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ लेने का संदेश दिया। भदौरिया ने कहा कि भारत में शादियाँ आज भी परंपराओं और माता-पिता के अनुभव पर टिकी हैं। शादी के बाद पति-पत्नी को एक नई जिम्मेदारी के साथ जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि बदलते समय में जिम्मेदारियाँ बढ़ने पर रिश्तों में मतभेद बढ़ रहे हैं।

### तीन दिवसीय ध्यान साधना शिविर 19 से

ग्वालियर। ओशो ध्यान केंद्र, सिटी सेंटर के तत्वावधान में ओशो के 'संबोधि दिवस' के उपलक्ष्य में एक विशेष तीन दिवसीय ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पटेल नगर स्थित ओशो ध्यान केंद्र पर 19 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। इस शिविर का संचालन माँ ध्यान प्रतिभा द्वारा किया जाएगा। ध्यान केंद्र के संचालक स्वामी प्रेम संतोष ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मन की शांति और आत्मिक आनंद की प्राप्ति है। शिविर के दौरान ओशो द्वारा प्रतिपादित विभिन्न ध्यान विधियों का अभ्यास और प्रयोग कराया जाएगा। ओशो ध्यान केंद्र ने सभी ध्यान साधना प्रेमियों को इस आध्यात्मिक उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

# नेशनल हाईवे की मांग को लेकर ग्वालियर के संतों ने भी फूंका बिगुल

## जन आंदोलन की उठी आवाज

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर, 15मार्च।** ग्वालियर-इटावा नेशनल हाईवे की बदहाल स्थिति और इसके निर्माण की मांग को लेकर अब धर्मसत्ता भी मैदान में उतर आई है। गौरक्षण एवं जन कल्याण समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रतिष्ठित संतों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने एक स्वर में सरकार से इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण की मांग की है। संतों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसे एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

महा त्यागी घनश्याम दास महाराज ने बताया कि ग्वालियर की संत शक्ति के इस समर्थन से आंदोलन को नई ऊर्जा मिलेगी। जल्द ही इस संबंध में जिला प्रशासन और संबंधित केंद्रीय मंत्रालय को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की जाएगी।

**ग्वालियर-इटावा हाईवे, क्षेत्र की जीवनरेखा :** संत घनश्याम दास का कहना है कि ग्वालियर-इटावा नेशनल हाईवे न केवल परिवहन के लिए बल्कि क्षेत्र के विकास और गौ-सेवा के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ रहा है।



### इन प्रमुख संतों का मिला समर्थन

इस मांग को धार देने के लिए भिंड और ग्वालियर सहित देश के विख्यात महामंडलेश्वर और संत एक साथ आए हैं। आंदोलन को श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज (दंदरौआ धाम), श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कमल दास महाराज (मथुरा-वृंदवन), श्री श्री 1008 सत्यनारायण की टेकरी (बरुआ महाराज), श्री श्री 108 कमल दास महाराज (अध्यक्ष, महा त्यागी बाबा घनश्याम दास महाराज,भारतीय खेल समिति, जनक ताल), श्री श्री 108 कटारे बाबा, श्री श्री 108 हरिदास,श्री श्री 108 दीन दयाल नगर का सानिध्य प्राप्त हुआ है।

### जन आंदोलन की हुंकार

त्यागी नगर क्षेत्र के प्रमुख त्यागी बाबा मंदिर में हुई बैठक में संतों ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक मांग नहीं, बल्कि जनता की आवाज है। सभी संस्थाओं ने एकजुट होकर निर्णय लिया है कि ग्वालियर के विकास के लिए इस हाईवे का निर्माण प्राथमिकता पर होना चाहिए। संतों की इस पहल से अब इस मांग ने राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी हलचल मचा दी है।

### 36 घंटे में 'अंधे कत्ल' का खुलासा, समलैंगिक संबंधों के बाद विवाद में की थी हत्या

**ग्वालियर।** जनकगंज थाना पुलिस ने लक्ष्मीगंज नाले में मिले अज्ञात युवक के शव की गुत्थी मात्र 36 घंटों में सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और सटीक सर्विलांस की मदद से पुलिस हत्यारे तक पहुँचने में कामयाब रही। 13 मार्च को लक्ष्मीगंज स्थित सुलभ शौचालय के पास नाले में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। 14 मार्च को उसकी पहचान मोनू गौड (34 वर्ष) के रूप में हुई।

पुलिस ने घटनास्थल के पास के फुटेज खंगाले, जिसमें 11 मार्च की शाम मृतक मोनू एक अन्य व्यक्ति के साथ पुरानी सब्जी मंडी की बिल्डिंग में जाते दिखा, लेकिन वह व्यक्ति (आरोपी) अकेला बाहर निकला। हुलिए के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर लल्ला पाल उर्फ करन पाल (26 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि दोनों ने साथ में शराब पी और खाना खाया। इसके बाद उनके बीच समलैंगिक संबंध बने। संबंधों के बाद किसी बात पर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी ने मोनू को छत से धक्का दे दिया। नाले में गिरने और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मोनू की मौत हो गई।



# जिझौतिया ब्राह्मण समाज ने खेली 'चंदन-पुष्प' की होली

## भक्ति और उल्लास के संगम के बीच बुंदेली फाग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 मार्च।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज, ग्वालियर द्वारा स्थानीय स्तर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। परंपरा और आधुनिकता के संगम वाले इस उत्सव में समाज के लोगों ने गुलाल की जगह सुगंधित चंदन और फूलों की होली खेलकर भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं जनेऊ अर्पण के साथ हुआ। उपस्थित समाजजनों ने भगवान परशुराम के जयघोष के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति अटूट आस्था प्रकट की। इस अवसर पर 'पत्रिका' समाचार पत्र के संपादक नितिन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के अध्यक्ष के.पी. अरजरिया एवं महामंत्री पंकज सोनकिया ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। वहीं, समाज के वरिष्ठ संरक्षक एस.पी. बाजपेयी एवं पीताम्बर स्वरूप रावत का स्वागत कोषाध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने किया।

होली के इस उत्सव में बुंदेलखंड की माटी की खुशबू भी बिखरी। अभिषेक मिश्रा एवं उनकी मंडली ने जब बुंदेली फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, तो पंडाल में मौजूद महिलाएं और पुरुष स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार संयोजन डॉ. आलोक पुरोहित ने किया। इस दौरान समाज की विभिन्न प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिनमें रमा चौबे, ऋषि मकरारिया और राघव शर्मा , मंगल चौबे, इन्द्र भूषण चतुर्वेदी और दीपक चौबे प्रमुख थे।

### पुष्प वर्षा से महक उठा प्रांगण

कार्यक्रम के दौरान मुख्य संरक्षक के.डी. सोनकिया, जी.पी. अरजरिया, आर.डी. मिश्रा और श्री कृष्ण चतुर्वेदी ने उपस्थित जनसमूह पर पुष्प वर्षा कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पस्तोर द्वारा किया गया। इस समारोह में परमानंद शर्मा दिनेश कांकर श्याम गौतम आनंद मिश्रा, विष्णु त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा, डी.के. शर्मा, पल्लव त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश दीक्षित, अखिलेश तिवारी, सरोज मिश्रा, सीमा तिवारी, नीलू मिश्रा, दिनेश निचरेले, सजल त्रिपाठी, राधा कृष्ण पस्तोर, नूतन लिटोरिया, जे.के. चौबे और गिरीश रावत सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो 23 मार्च को घेरेंगे कलेक्ट्रेट : कोमल सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 मार्च।** प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा कि शासकीय अस्पतालों में सेवाएं प्रदान कर रहे आउट सोर्स कर्मचारियों को 2, 3 माह से शर्मा सिक्योरिटी एवं सनशाइन सिक्योरिटी द्वारा सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया था।

जिसके विरोध में म.प्र.संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आज 16 मार्च को जिलाधीश कार्यालय में एकत्रित होने का आवाह्न किया गया था लेकिन आज शर्मा सिक्योरिटी एवं सनशाइन सिक्योरिटी के संचालक से फोन से चर्चा अनुसार 3 दिवस में डाटा एंट्री ऑपरेटर सपोर्ट स्टाफ मल्टी स्कूल वर्कर सुरक्षाकर्मी सफाई कर्मी एवं अन्य सभी का विलंबित भुगतान 3 दिवस में करने का आश्वासन दिया गया है अगर समय अवधि अनुसार वेतन भुगतान नहीं किया गया तो संघ के द्वारा 23 मार्च को पूरी रणनीति के साथ कलेक्ट कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की होगी।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन

## होली एवं देशभक्ति पूर्ण कविताओं से बंधा समां

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 मार्च।** आज कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने जलकेश्वर महादेव मंदिर मंदिर, थाठीपुर पर हर्षोउल्लास के साथ पुष्पबर्षा कर होली उत्सव मनाया द्य सर्वप्रथम भगवान परशुराम पूजन उपरान्त शशिकांत दीक्षित एवं राम मोहन त्रिपाठी ने कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा किये जा रहे निस्वार्थ समाज सेवा एवं जनहित कार्यो की रुपरेखा प्रस्तुत की। भिंड से आये प्रदीप दीक्षित, राजेश अवस्थी लावा, रेखा दीक्षित, योगेंद्र दीक्षित, तन्मय तिवारी ने होली एवं देशभक्ति पूर्ण कविताओं से जन समुदाय को होली के रंग और देश प्रेम के जोश से भर दिया। फाग एवं होली के गीतों पर समाज के लोगों ने जमकर डांस करते हुये आनंद उठाया। समाज की महिलाओं द्वारा होली के गीतों के साथ बच्चों ने भी मनमोहक नृत्य एवं भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में समाजसेवी जयवीर भारद्वाज, रामबाबू कटारे, महेश मुदगल, सुधा दीक्षित, केशव पांडे, राम नारायण मिश्रा, संध्या त्रिपाठी, अरविन्द तिवारी को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन शशिकांत दीक्षित, अरविन्द तिवारी ने एवं आभार अमित दुबे ने व्यक्त किया। इस मौके पर राममोहन त्रिपाठी, योगेंद्र दीक्षित, श्रीमती सुधा दीक्षित, डा एमके शुक्ला, अखिलेश बाजपेई, सुधीर त्रिपाठी, अबधेश त्रिपाठी, सुधीर बाजपेई, अजीत दीक्षित, रवि त्रिपाठी, केके चतुर्वेदी, दिनेश मिश्रा, डा सत्येंद्र त्रिवेदी, आदित्य मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, अरविन्द त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।




# हजारों कदम, एक उद्देश्य, एमिटी भाग इंडिया में गूंजा बालिका शिक्षा का संदेश

## बालिका शिक्षा के संकल्प के साथ दौड़ा ग्वालियर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 16 मार्च।** मियां तानसेन और बैजू बावरा की विश्व-प्रसिद्ध संगीत नगरी ग्वालियर एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की साक्षी बनी। लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन से प्रारंभ हुइ एमिटी भाग इंडिया रेस गर्ल चाइल्ड एजुकेशन मैराथन एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, ग्वालियर में संपन्न हुई। करीब 1800 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लेकर बालिका शिक्षा के समर्थन का संदेश दिया। यह पहल वंचित बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसे अमिताशा फाउंडेशन को समर्पित किया गया। सुबह 5:30 बजे आयोजित इस मैराथन में बच्चों, एथलीट्स, कॉरपोरेट प्रतिनिधियों, फैकल्टी और फिटनेस समूहों ने भाग लेकर बालिका शिक्षा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस आयोजन में एमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स एवं आरबीईएफ की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान की वर्चुअल उपस्थिति ने प्रतिभागियों में विशेष उत्साह और प्रेरणा का संचार किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 'भाग इंडिया' केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर एमिटी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. असीम चौहान ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि बालिका शिक्षा केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा, वाइस-चांसलर प्रो. आर.एस. तोमर तथा एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, ग्वालियर की प्रिंसिपल डॉ. दीपिका भंबानी ने भी कार्यक्रम के आयोजन पर पूरे एमिटी परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने बालिका शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी क्रम में एमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिला बाइकर्स ने एमिटीभाग इंडिया का नेतृत्व करते हुए बालिका शिक्षा के समर्थन में जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही शिक्षकों ने स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस सामुदायिक प्रेरणा अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल की प्रेरणा अमिताशा फाउंडेशन है, जिसकी स्थापना डॉ. चौहान के उस संकल्प से हुई, जो वर्ष 2000 में केवल 35 वंचित बालिकाओं की शिक्षा से शुरू हुआ था। समय के साथ यह प्रयास एक सशक्त पहल के रूप में विकसित हुआ और आज यह फाउंडेशन दिल्ली-एनसीआर में तीन विद्यालय संचालित कर रहा है। इन विद्यालयों में 1000 से अधिक जरूरतमंद बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ भोजन, पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। 'एमिटी भाग इंडिया' मैराथन ग्वालियर चैप्टर का शुभारंभ मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया गया। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए एमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन तथा पूरे एमिटी परिवार को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वैलिडिक्टरी फंक्शन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर धर्म वीर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर शिशिर श्रीवास्तव, 'वॉटर वुमन' सावित्री श्रीवास्तव तथा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एंबेसडर वर्षा चौहान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित रहीं।





मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
पता : दीनदयाल नगर, पानी की टंकी के नीचे, संभाग क्रमांक-1, ग्वालियर, Email: eedn1hbgwl@mp.gov.in

विज्ञप्ति (आम सूचना)

कादम्बरी नगर ग्वालियर में विकसित भूखण्ड / भवन क्रमांक एलआईजी-123 जो कि शिव शक्ति कोरकू पुत्र श्री कन्हैया लाल कोरकू के नाम से पंजीकृत था। इस कार्यालय के आवंटन आदेश क्रमांक 2420 दिनांक 03.09.2019 द्वारा सेलडीड व लीज एग्रीमेंट पंजीयन कार्यालय में संपादित कराया गया थां दिनांक 15.10.2025 को उक्त भवन श्री शशिकान्त पाराशर पुत्र श्री महादेव पाराशर निवासी रणधीर कॉलोनी गोला का मंदिर ग्वालियर म.प्र. ने क्रय कर लिया गया है। उक्त भवन का नामांतरण / हस्तांनारण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। अत: किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने वाली दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आपत्ति मय दस्तावेज के प्रेषित कर सकते है। निर्धारित समयावधि में आपत्ति न प्राप्त होने की दशा में नामांतरण / हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी व इसके उपरान्त किसी व्यक्ति या संस्था का दावा मान्य नहीं होगा।

आदेशानुसार
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृ. नि. एवं अधो. विकास मण्डल
संभाग क्रमांक-1, ग्वालियर



आगामी
ईस्टर
(5 अप्रैल) तथा
चैत्र नवरात्रि
(19 मार्च से)
रमजान ईद उल फितर
(20-21 मार्च) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074





डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460